बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

TWT
Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या........................

पटना
दिनांक 19-10-2000.

प्रेस विज्ञप्ति

आज बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के केन्द्रीय कार्यकारिणी एवं अन्य सदस्यों की बैठक श्री डब्लू०एन० सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । 57वाँ दिन के हड़ताल की समीक्षा पायी गयी । जिलों से प्राप्त सूचनानुसार हड़ताल को और धारदार बनाने से संबंधित केन्द्रीय कार्यकारिणी के मुख्यमंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नौकरशाहों के घेराव के कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर स्वागत किया गया है । एतदसंबंधी आवश्यक सूचना सभी मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा चुका है । सूचनानुसार दिनांक 22.10.2000 को संघ के सभी सदस्यों को पटना आने के निदेश के साथ दि0-23, 24 एवं 25 अक्टूबर को संघ भवन में 11 बजे पूर्वान्ह उपस्थित होकर घेराव कार्यक्रम में भाग लेना है । इस विज्ञप्ति के माध्यम से पुन: सभी सदस्यों का अपनी एकता एवं हड़ताल संबंधी मांगों के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने हेतु आमंत्रित किया जाता है एवं अनुरोध है कि संघ की लड़ाई इतिहास रचने हेतु निश्चित रूप से घेराव के कार्यक्रम में भाग लें । विदित हो कि संघ के पूर्व कार्यक्रमों में झारखंड क्षेत्र के बहुत सारे सदस्य जो दिग्भ्रमित होकर दो एक दिन के लिये हड़ताल से कर्त्तव्य पर लौट गये थे वे पुन: हड़ताल में शामिल हो गये हैं एवं अब कोई भी कुर्बानी देने के लिये तैयार हैं । संघ के सदस्यों का मानना है कि यह हड़ताल उन पर जबरन थोपी गई है । संघ दिनांक-29.3.2000 के समझौते के बिन्दुओं के अनुपालन की मांग करते आ रहा था एवं एक भी बिन्दु के कार्यान्वयन नहीं होने के कारण ही हड़ताल पर जाना पड़ा एवं आम जनता को प्रखंड से सचिवालय स्तर तक तथा भयंकर त्रासदी झेलने के साथ राज्य के विकास की गति को भयंकर विराम लग गया है । इस हड़ताल के कारण जहाँ सरकार को इस वित्तीय वर्ष में विकास मद के 1000(एक हजार) करोड़ रूपये की क्षति होगी वहीं भयंकर बाढ़ की विनाशलीला के कारण जहाँ सहाय्य कार्य ठप्प है वहीं बाढ़, बाढ़ के पुर्ननिर्माण का कार्य बाधित हो गया है । हाल की घटनाओं से विधि व्यवस्था चरमरा गयी है एवं सत्ता के शीर्ष पर आसीन पदाधिकारियों की नींद हराम हो गयी है ।

भले ही सरकार के आला पदाधिकारी इस वास्तविकता को नहीं मानते हुए सरकार प्रमुख को गुमराह कर रहे हों पर समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार सरकार के सत्ता पक्ष के सभी दलों एवं समर्थित दलों के द्वारा

कृ0पृ0उ0----2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) / 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक.........................

बाला हड़ताल से उत्पन्न कठिनाईयों एवं कुप्रभावों की ओर सरकार प्रमुख का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है । विरोधी दल तो इससे उत्पन्न कुप्रभावों एवं कुव्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट कर ही रहे हैं । संघ का मानना है कि सरकार अब भी अपनी कुंभकर्णी निद्रा से उठकर वास्तविकता को पहचानने एवं नीरो की तरह वंशी बजाना छोड़ राज्य के जनहित में हड़ताल से संबंधित मांगों की पूर्ति के लिये सम्मानजनक हल ढूंढे एवं अपने लिखित वादों का सम्मान करे । अन्यथा भविष्य में कर्मचारी/पदाधिकारी संगठनों या अन्य संगठनों को सरकार के समझौता से विश्वास उठ जायेगा जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रतिकूल भी होगा ।

अन्त में संघ के सभी सदस्यों को अपनी एकता बनाये रखने हेतु धन्यवाद दिया गया ।

ह०
§ जी0 एल0 दास §
महासचिव

ह०
§ डब्लू0 एन0 सिंह §
अध्यक्ष

ज्ञापांक- 197

दिनांक- 19. 10. 2000.

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, पटना/ब्यूरो प्रमुख, पी0टी0आई0/यू0एन0आई0/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस/समाचार सम्पादक, सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित ।

गंगाधर लाल 19.10.2000
§ जी0 एल0 दास §
महासचिव